A | 709

# समग्र शिक्षा केरल

## ANNUAL EVALUATION 2024-25

## वार्षिक मूल्यांकन

## हिंदी

कक्षा 7 | समय : 2 घंटे

**सामान्य निर्देश :**

* **पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।**
* गतिविधि 1 का उत्तर लिखना **अनिवार्य** है।
* 2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखें।

---

### गतिविधि 1

**सूचना : खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

अनु को एक साइकिल लेनी थी। माँ को तो उसने मना लिया। पर पापा नहीं माने। उन्हें लगता है कि अनु का हर आग्रह पूरा होता रहा तो वह बिगड़ जाएगी। पापा एक गुल्लक लाए और बोले, "पहले कुछ पैसा जमा कर लो। फिर साइकिल ले लेना।" गुल्लक एक खूबसूरत हाथी के आकार का था।

(मना लिया-സമ്മതിപ്പിച്ചു, गुल्लक-പണക്കുടുക്ക, बिगड़ जाएगा-ചീത്തയാകും)

क) गद्यांश के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

अ) अनु ने पापा को मना लिया। आ) अनु ने पापा और माँ दोनों को मना लिया।

इ) अनु ने माँ को मना लिया। ई) अनु ने पापा और माँ दोनों को नहीं मना पाया।

ख) पापा को किसका डर था?

अ) अनु के रोने का आ) अनु के नाराज़ हो जाने का

इ) अनु के बिगड़ जाने का ई) अनु के झगड़ने का

ग) अनु क्या चाहती थी और पापा क्या लाए?

अ) अनु साइकिल चाहती थी, पापा साइकिल लाए।

आ) अनु गुल्लक चाहती थी, पापा साइकिल लाए।

इ) अनु साइकिल चाहती थी, पापा गुल्लक लाए।

ई) अनु गुल्लक चाहती थी, पापा गुल्लक लाए।

घ) गुल्लक किसके आकार का था?

अ) जिराफ के आ) बंदर के

इ) भालू के ई) हाथी के

ङ) साइकिल खरीदने के लिए पापा ने क्या उपाय बताया?

अ) गुल्लक में पैसा जमा करने का आ) माँ से पैसा माँगने का

इ) लॉटरी लेने का ई) बैंक से लोन लेने का

## गतिविधि 2

**सूचना : 'प्रेम के सिवा और कुछ नहीं' डायरी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> अभाव, बीमारी, गरीबी, दुख के बीच भी साधारण लोगों ने अपने जीवन में थोड़ा-थोड़ा प्रेम, थोड़ी-थोड़ी आत्मीयता और मनुष्यता बचाकर रखी है। उन्हें देखते हुए सोचती हूँ कि धरती में प्रेम सबसे ताकतवर मूल्य है। यही इंसान के भीतर समर्पण ला सकता है।

क) 'प्यार' के लिए खंड में प्रयुक्त शब्द कौन-सा है ?

क) आत्मीयता    ख) प्रेम    ग) मनुष्यता    घ) दुख

ख) संकेतों की सहायता से 'धरती में प्रेम सबसे ताकतवर मूल्य है' विषय पर **लघु लेख** लिखें।

- प्रेम से लोगों के बीच का संबंध बढ़ना
- प्रेम से मनुष्यता का बचाव
- प्रेम से दोस्ती बढ़ना

## गतिविधि 3

**सूचना : 'बारिश के बाद' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> गुठली अभी कीड़े को जाते हुए देख ही रही थी कि गुड्डू ने आवाज़ दी, "देख गुठली, गोकुल गैया!" कितनी सुंदर, मखमली, लाल रंग की कीड़ी होती है गोकुल गाय। बारिश के अलावा और किसी मौसम में दिखती ही नहीं है।

क) गोकुल गैया किस मौसम में दिखती है?

अ) गर्मी के मौसम में    आ) बारिश के मौसम में


इ) सर्दी के मौसम में    ई) कोहरे के मौसम में

ख) गुड्डू और गुठली गोकुल गैया को देखते हैं। वे उसे पकड़कर स्कूल ले जाना चाहते हैं। दोनों के बीच की **बातचीत** लिखें।

| | |
|---|---|
| गुड्डू | : देख गुठली, गोकुल गैया! |
| गुठली | : वाह! बहुत सुंदर। |
| गुड्डू | :...................................................... |
| गुठली | :...................................................... |
| गुड्डू | :...................................................... |
| गुठली | :...................................................... |

## गतिविधि 4

**सूचना : "हाथियों की रहगुज़र' पाठ के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखें।**




क) चित्रों के आधार पर वाक्यों को क्रमबद्ध करें।

- छोटा बच्चा डिवाईडर पार करने में असमर्थ होता है।
- हथिनी और उसका बड़ा बच्चा आसानी से डिवाईडर पार करते हैं।
- हथिनी अपने दोनों बच्चों के साथ सड़क पार कर रही है।
- हथिनी डिवाईडर पार करने में छोटे बच्चे की सहायता करती है।

ख) यहाँ बच्चे के प्रति हथिनी का कौन-सा मनोभाव प्रकट होता है ?

अ) उत्साह का      आ) खुशी का

इ) प्यार का      ई) आशा का

## गतिविधि 5

**सूचना : 'जन्नत के बच्चे' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> फ़िल्म का नाम है 'चिल्ड्रन ऑफ़ हेवन' यानी - जन्नत के बच्चे। यह एक ईरानी फ़िल्म है। इस फ़िल्म के मुख्य किरदार हैं - अली और ज़ाहरा नाम के दो बच्चे।

क) 'चिल्ड्रन ऑफ़ हेवन' कहाँ की फ़िल्म है?

अ) भारत की    आ) ईरान की    इ) जापान की    ई) चीन की

ख) आपके स्कूल में सुरीली हिंदी मंच के नेतृत्व में 'चिल्ड्रन ऑफ़ हेवन' का प्रदर्शन होनेवाला है। इसकी सूचना देने के लिए **उद्घोषणा** तैयार करें।

## गतिविधि 6

**सूचना : 'साफ़-सफ़ाई में अव्वल गाँव' लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> यहाँ लोग अपने घर से निकलने वाले कूड़े-कचरे को भी डस्टबिन में जमा करते हैं और फिर उसे एक जगह इकट्ठा कर खेती के लिए खाद की तरह इस्तेमाल करते हैं।

क) मावलिन्नोंग के लोग कूड़े-कचरे इकट्ठा कर किसके लिए इस्तेमाल करते हैं?

अ) खेती के लिए    आ) पँकाने केलिए

इ) जलाने के लिए    ई) बहाने के लिए

ख) स्वस्थ रहने के लिए पर्यावरण को साफ़ रखना है। यह संदेश देने वाला एक **पोस्टर** तैयार करें।